पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस पर स्टीकर (झण्डा) लगाया

लखनऊः 7 नवम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को आज राजभवन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने स्टीकर (झण्डा) लगाया।

राज्यपाल ने स्काउट एवं गाइड्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड बनकर बच्चों में अनुशासन की भावना का विकास होता है तथा वे सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोगी की भूमिका निभाकर अपना सक्रिय योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड्स से अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राएं जुड़े, इसके लिये वे प्रयास करेंगी।

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र सिंह द्वारा कोरोना काल में स्काउट एवं गाइड द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल को संस्था की अन्य गतिविधियों से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड के प्रादेशिक आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ0 प्रभात कुमार, उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड के प्रादेशिक सचिव सुश्री ललिता प्रदीप सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

———–

ओ0पी0राय/राजभवन(68/4)